**आफ़्टरकेयर जानकारी का अपडेट**
नर्स टेलीफोन सहायता सेवा: 1300888022
परिचालन घंटे: सोमवार - शुक्रवार, सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक

# सिडेशन (बेहोश करने की प्रक्रिया) से संबंधित जानकारी



कृपया इस संदर्शिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें और यदि आपके कोई सवाल हैं तो हमें पूछें।



## एनेस्थीसिया (बेहोश करने) के प्रकार

आप किस प्रकार के एनेस्थेटिक का चयन करती हैं, यह निम्नलिखित पर निर्भर कर सकता है:

- आप पर किस प्रकार की कार्यविधि की जा रही है
- वह क्लिनिक जहाँ आपकी कार्यविधि की जा रही है
- यदि आपको कोई चिकित्सीय समस्याएँ हैं
- आपकी व्यक्तिगत प्राथमिकता।

**लोकल एनेस्थेटिक:**

आपके शरीर के भाग को सुन्न करने के लिए इंजेक्शन लगाया जाता है। आप जाग रही होंगी और आपको पता रहेगा कि क्या हो रहा है। हो सकता है कि कार्यविधि के दौरान आप कुछ असुखद महसूस करें।

**IV सिडेशन:**

आपके हाथ के पिछले भाग या आपकी बाजू की नस में एक पतली प्लास्टिक ट्यूब डालने के लिए एक सुई का प्रयोग किया जाता है। आपको आरामदेह महसूस कराने और नींद दिलाने के लिए दवाई की थोड़ी मात्राएँ दी जाती है। अधिकांश मामलों में, कार्यविधि के दौरान आपको क्या चल रहा है आपको इसकी कोई जानकारी नहीं होगी, या आप इसे बाद में याद नहीं रख पाएँगी।

- **सचेत सिडेशन:**
  कभी-कभी सिडेशन के हल्के स्तर की आवश्यकता होती है या इसे प्राथमिकता दी जाती है। आपको तब भी नींद आएगी, परन्तु आप बेहोश नहीं होंगी और हो सकता है कि जो हो रहा है आपको उसके बारे में कुछ-कुछ जागरूकता हो।

**जनरल एनेस्थीसिया:**

यह वह स्थिति होती है जिसमें आप बेहोश होती हैं और कार्यविधि के दौरान आपको दर्द महसूस नहीं होगा। दवाईयाँ सिडेशन विधि के समान तरीके से दी जाती हैं या गैसों के रूप में सांस से अंदर ली जाती हैं। आपको मास्क या ब्रीथिंग ट्यूब द्वारा सांस लेने में मदद की ज़रूरत होगी। हम इस प्रकार के एनेस्थीसिया का प्रयोग केवल ट्यूबल लिगेशन (ट्यूब बांधने) के लिए करते हैं।

## IV सिडेशन और खतरे

यह सर्जरी द्वारा गर्भपात करने में प्रयोग किए जाने वाला सबसे सामान्य प्रकार का एनेस्थीसिया होता है। इसे कभी-कभी IUD प्रवेशन और नसबंदी के लिए भी प्रयोग किया जाता है।

विशेष रूप में प्रशिक्षित एक डॉक्टर आपके स्वास्थ्य की जांच करेगा और सिडेशन तथा किन्हीं खतरों की चर्चा करेगा। यह डॉक्टर आपको आपका सिडेशन देगा और आपकी कार्यविधि के दौरान आपकी देखरेख करेगा।

यदि पहले कभी एनेस्थीटिक्स के साथ आपको कोई समस्याएँ रही हैं तो कृपया अपने डॉक्टर को बताएँ।

आधुनिक सिडेशन सामान्यत: बहुत सुरक्षित होता है परन्तु इसमें कुछ खतरे होते हैं।

**एलर्जी संबंधी प्रतिक्रिया:**

हो सकता है कि आपको सिडेशन वाली दवाईयों से एलर्जी संबंधी प्रतिक्रिया हो। ऐसा होना दुर्लभ है। कृपया पहले हो चुकी किसी एलर्जी संबंधी प्रतिक्रियाओं के बारे में डॉक्टर को बताएँ।

**वायुमार्ग में ऐंठन:**

हो सकता है कि आपका वायुमार्ग तंग हो जाए जिससे आपको सांस लेने में कठिनाई हो। यदि आप धूम्रपान करती हैं, आपको दमा है या आपको हाल ही में ज़ुकाम या छाती का संक्रमण हुआ हो तो डॉक्टर को बताएँ, क्योंकि इससे खतरा बढ़ सकता है।

**एस्पीरेशन (स्पृहा):**

हो सकता है कि आपको उल्टी आए और आप सांस द्वारा पेट से तरल-पदार्थ अंदर खींच लें। इससे आपकी सांस लेने की क्रिया प्रभावित हो सकती है और आपको निमोनिया हो सकता है। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप प्रदान किए गए उपवास निर्देशों का अनुपालन करें। इससे सिडेशन के अधीन एस्पीरेशन का खतरा कम होगा।

! ऐसे अन्य दुर्लभ खतरे हो सकते हैं जो दिल या फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। हो सकता है कि ऐसे खतरे भी हों जो विशेष तौर पर आपके लिए हों। आपका डॉक्टर किन्हीं अन्य प्रासंगिक खतरों की चर्चा आपके साथ करेगा/करेगी।

## IV सिडेशन के लिए तैयारी करना

**याद रखें:** यदि आप सिडेशन लेने का चयन करती हैं, तो यह ज़रूरी है कि सहायक व्यक्ति आपको घर ले जाए और आपकी कार्यविधि के बाद के दिन तक आपके साथ रहे।

**उपवास रखने से सम्बन्धित दिशा-निर्देश:**

यदि आपको IV सिडेशन दी जा रही है, तो आपके लिए यह ज़रूरी है कि आप इन नियमों का अनुपालन करें। यदि आप इन नियमों का अनुपालन नहीं करती हैं, तो हमें आपकी एपॉइंटमेंट विलंबित करनी होगी या इसे रद्द करना होगा।

**अपनी एपॉइंटमेंट के लिए तैयारी करना:**

| | |
|---|---|
| **अपनी एपॉइंटमेंट से 24 घंटे पहले*** | शराब न पीएँ |
| **अपनी एपॉइंटमेंट से 6 घंटे पहले** | कुछ न खाएँ (लोलियों और टॉफियों सहित)। आप हर एक घंटे में एक छोटे गिलास में पानी पीना जारी रख सकती हैं। |
| **अपनी एपॉइंटमेंट से 2 घंटे पहले** | कुछ न पीएँ |

आप तब तक छोटे गिलास में पानी के साथ अपनी नियमित दवा का सेवन कर सकती हैं जब तक कि हमारा कोई कर्मचारी आपको ऐसा न करने के लिए कहे।

*यदि आप वजन कम करने या मधुमेह (इंसुलिन को छोड़कर) के लिए इंजेक्शन का उपयोग कर रहे हैं, तो आपको अपनी अपॉइंटमेंट से 24 घंटे पहले तक कुछ भी नहीं खाना चाहिए। आप केवल पारदर्शी तरल पदार्थ ले सकते हैं, जैसे पानी, सॉफ्ट ड्रिंक, पारदर्शी जूस (जैसे सेब का रस), लेकिन दूध और अपारदर्शी जूस (जैसे संतरे का रस) नहीं पी सकते।

## IV सिडेशन के बाद

आपको तब तक IV सिडेशन नहीं दी जा सकती है जब तक कि आप निम्नलिखित समझ नहीं लेती हैं और आपने निम्नलिखित की व्यवस्था कर ली है:

| | |
|---|---|
| **आपकी कार्यविधि के बाद** | यह ज़रूरी है कि आपका सहायक व्यक्ति आपको लेने क्लिनिक आए<br>आपके सहायक व्यक्ति को आपको घर ले जाना चाहिए (आप अकेले से टैक्सी/Uber लेकर घर नहीं जा सकती हैं) |
| **आपकी कार्यविधि के बाद रात-भर** | यह ज़रूरी है कि आपका सहायक व्यक्ति आपकी कार्यविधि के बाद रात-भर आपके साथ रहे |
| **आपकी कार्यविधि के बाद 24 घंटों के लिए** | गाड़ी न चलाएँ या मशीनरी का संचालन न करें<br>शराब न पीएँ<br>कोई महत्वपूर्ण या कानूनी फैसले न लें |

## सिडेशन के बाद स्तनपान कराना

यदि आप वर्तमान में स्तनपान करा रही हैं, तो सुनिश्चित करें कि आपने पहले से उस समय की तैयारी कर ली है जब आप उपवास रखेंगी और क्लिनिक जाएँगी। हमारी क्लिनिक में प्रयोग की जाने वाली दवाईयों के लिए, कोई प्रतीक्षा अवधियों या पृथक्करण की ज़रूरत नहीं है। आपकी कार्यविधि के बाद आप सामान्य रूप से स्तनपान कराना जारी रख सकती हैं।

# हमारी 24-घंटे की बाद की देखरेख फोन सेवा आपका संपर्क, दिन या रात किसी भी समय, अनुभवी रजिस्टर्ड नर्सों से स्थापित करती है।




## नि:शुल्क 24/7 बाद की देखरेख सेवा

---

यदि आपको कोई चिंताएँ हैं तो हमारी बाद की देखरेख सेवा की नर्स को 1300 888 022 पर फोन करें

---

# आपकी कार्यविधि से पहले, इसके दौरान और इसके बाद की देखरेख और समर्थन

**दुभाषिया:**
131 450 पर फोन करके MSI Australia से 1300 003 707 पर कनेक्ट किए जाने का निवेदन करें

**24/7 बाद की देखरेख सेवा:**
1300 888 022

**msiaustralia.or.au**

MSI AUSTRALIA

1704 - MSIAU Sedation Information - Hindi - 250508